वार्षिक रिपोर्ट 2011–2012

सुजाग्रति समाज सेवी संस्था मुरैना म0 प्र0

सुजाग्रति समाज सेवी संस्था एक गैर लाभकारी संस्था है, संस्था 12वर्ष से सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। जव हम जिला और प्रदेश के पैमाने पर अपनी स्थिति का आकलन करते है तो हमारे ये काम अत्यन्त उपयोगी व प्रासंगिक नजर आते है। इससे यह प्रश्न उठता है कि जव हम और अधिक ठोस तरीके से इसे समझते है और इसकी व्याख्या करते है तथा इसकी उपलब्धियों पर आनंदित होते है, एसी स्थिति में हम सुजाग्रति के लक्ष्य और दृष्टि के संदर्भ में किस प्रकार इसके प्रभावों को माप सकते है। कहा जाय तो रोज बदलती इस बंधनमुक्त दुनिया के परिपेक्ष्य में हमारे ये काम जरूर अंतर पैदा करते है। :–

संस्था का विजन :– स्थाई व समान जीवन यापन के लिये प्रतिवद्धता के माध्यम से सामुदायिक विकास में प्रेरक, जिससे मानव सुखी सम्पन्न एवं न्यायोचित जीवन यापन कर सके।

संस्था का मिशन :–लोग जल, जंगल, जमीन के संबर्द्धन व संरक्षण हेतु पारम्परिक व आधुनिक तकनीकि का उपयोग करें, जिससे पर्यावरण का संतुलन आजीविका का संबर्द्धन सामाजिक समरसता एवं स्त्री–पुरूश की समानता हो।

1. **स्माल ग्रान्ट कार्यक्रम के तहत कार्य** . C E E पूना के सहयोग से संस्था द्वारा लुप्त प्रायः प्रजाति गूगल का प्लान्टेशन एवं संरक्षण तथा डौरबन्दी कार्य ग्राम पंचायत पिपरई में किया गया था उसके सतत विकास हेतु BMC द्वारा SHGs को प्रोत्साहन कार्य किया गया तथा उन्हें प्रशिक्षण दिये गये डौरबन्दी हेतु हितग्राही किसानों को भी प्रात्साहन एवं प्रशिक्षण दिये गये तथा गूगल से गोंद निकालने हेतु यंत्रों का भी वितरण किया गया।

2. **पर्यावरण मित्र कार्यक्रम –** C E E भोपाल , पूना के सहयोग से 125 स्कूलों में पर्यावरण मित्र कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका उददेश्य धधकती धरती एवं बदलते मौसम के मिजाज को

रोकने का प्रयास , स्कूली बच्चों तथा शिक्षकों को इसके प्रति संबेदनशील बनाना है। इसके तहत संस्था द्वारा स्कूल में 1. पौधे लगायें और उसकी देखभाल करें। 2. उर्जा की बचत करें 3. पानी की बचत करें 4. कचरे को छॉटें और फिर से काम में लें तथा उसकी मात्रा कम करें। 5. जैवविविधता ये गतिविधियॉ साल भर चलाई गई इस हेतु शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया गया तथा उन्हें साहित्य तथा पोस्टर, फोल्डर उपलब्ध कराये गये। बडोखर में हनुमान मंदिर पर संभाग स्तरीय पर्यावरण पर कवि पंचायत कराई गई , स्कूल के बच्चों की भी रैली निकाली गई।

S.No.	**Month**	**No. of Schools**	**Enrollment form Completed**	**Teachers Orientation Report**	**School Visit**	**School Activity Reports**	**Press Release (Numbers)**
1	April2011	125	-	8(DEO,BEO)	10	-	-
2	May2011	125	-	15	25	-	-
3	June2011	125	-	18	30	-	-
4	July2011	125	-	25	40	5 Plantation	-
5	August 2011	125	-	27	30	15 Plantaion	-
6	September11	125	-	24	35	10Plantation	-
7	October2011	125	-	30	120	17	-
8	November11	125	104	104	20	100	5
9	December11	125	13	13	115	70	7
10	January 2012	125	7	10	75	72	-
11	February2012	125	1	5	80	45	4
12	March	125	-	-	40	16	3
total	**12 months**	**125**	**125**	**279**	**610**	**350**	**19**

कवि पंचायत में मुख्य अतिथि विधायक परशुराम मुदगल जी

शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रक्षिक्षण देते प्राचार्य

3. **ग्राम सभा सशक्तिकरण कार्य** – सुजाग्रति समाज सेवी संस्था द्वारा 7 जुलाई 2011 से 10 अगस्त 11 तक लगातार 28 पंचायतों में जन भागीदारी बडाने हेतु कलापथक दल के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

4. **ईको पर्याटन स्थल हेतु कार्य** – सुजाग्रति समाज सेवी संस्था द्वारा बाबू सिंह की घेर गॉव मे चम्बल नदी पर पर्याटन स्थल बनाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी ईको पर्याटन बोर्ड द्वारा लोक जैवविविधता पंजी एवं प्लानिंग कार्य सौंपा गया व कार्य सफलतापूर्वक संपादित कर बोर्ड को सौंपा गया।

5. **जैवविविधता पर कार्य** – संस्था द्वारा म0प्र0 जैवविविधता बोर्ड के सहयोग से 5 जिले पन्ना , छतरपुर , शिवपुरी, गुना एवं अशोकनगर के रेंजर एवं डिप्टी रेंजरों को लोक जैवविविधता पंजी बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्य किया गया साथ ही साथ मुरैना जिले में गूगल गोंद निकालने पर विनाशहीन विदोहन की प्रक्रिया पर हितग्राही किसानों को प्राशिक्षण एवं जिला जनपद पंचायत स्तरीय जैवविविधता प्रबंधन समितियों का भी प्रशिक्षण संस्था द्वारा दिया गया।

6. डाबर इंडिया कंपनी के साथ लिंक – संस्था द्वारा बनाये गये SHGs जैवविविधता प्रबंधन समिति अन्य हितग्राही किसानों को लघुवन उपज की उचित मारकेटिंग हेतु लिंक स्थापित की जिससे उन्हें लघुवनउपज का उचित मूल्य प्राप्त होने लगा एवं डाबर कंपनी को भी शुद्ध एवं कच्चा माल मिलने लगा।

इन्नी (अग्नि मन्थ) एकत्रित करता हुआ हितग्राही।

डॉ किमोटी डाबर इंडिया कंपनी से गॉव के लोगों को उदबोधन देते हुये।

अध्यक्ष

सुजाग्रति समाज सेवी संस्था

मुरैना म0प्र0